**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 12 मार्च 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज देश के समावेशी और सतत विकास के लिए समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि छात्रों में संवेदनशीलता और राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना होनी चाहिए। पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के 72 वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा-

उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि पंजाब विश्वविद्यालय विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए नई शिक्षा नीति के अनुसार नवाचार, अनुसंधान और वैश्विक भागीदारी को बढ़ावा दे रहा है। शिक्षा के उद्योग से संबंध पर जोर देते हुए राष्ट्रपति ने कहा---

उन्होंने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों को सकारात्मक सोच रखनी चाहिए और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने के लिए उभरती हुई तकनीकों से परिचित होना चाहिए।

राष्ट्रपति ने प्रसन्नता व्यक्त की कि महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं तथा दीक्षांत समारोह में डिग्री और पदक प्राप्त करने वालों में 80 प्रतिशत महिलाएं हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की प्रशंसा भी की।

राष्ट्रपति ने प्रसिद्ध गणितज्ञ डॉ. आर.जे. हंस-गिल और सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री निवेदिता रघुनाथ भिड़े को मानद उपाधियों से सम्मानित किया। डॉ. आर.जे. हंस-गिल को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि तथा सुश्री निवेदिता रघुनाथ भिड़े को डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति के साथ हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।इसके अतिरिक्त, कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों को उनके संबंधित क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. गुरतेज सिंह संधू को विज्ञान रत्न, डॉ. हरमोहिंदर सिंह बेदी को साहित्य रत्न, डॉ. पुशविंदर जीत सिंह को उद्योग रत्न और डॉ. जसपिंदर नरूला को कला रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने सुश्री मनु भाकर को खेल रत्न से सम्मानित किया। दीक्षांत समारोह के दौरान लगभग 812 पीएचडी छात्रों और 70 पदक विजेता छात्रों ने अपनी डिग्री और पदक प्राप्त किए। आज डिग्री प्राप्त करने वालों में 617 महिलाएं शामिल हैं और पदक विजेताओं में 62 महिलाएं थीं।

****************************************************************************

हरियाणा में नगर निगम निकाय चुनाव के लिए मतगणना जारी है और नतीजे व रूमान मिलने शुरू हो गए हैं। करनाल नगर निगम में बीजेपी उम्मीदवार रेनू बाला गुप्ता ने कांग्रेस के मनोज वाधवा को 25000 से अधिक मतों से हराया हैं। इंद्री में नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए आजाद उम्मीदवार रमेश कुमार ने बीजेपी के जसपाल को 950 मतों से हरा दिया है वहीँ वार्ड-2 से शशिकांत वार्ड 4 से अनिल कुमार और वार्ड 4 से जितेंद्र कुमार पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं। नीलोखेड़ी से अध्यक्ष पद के लिए बीजेपी उम्मीदवार समणित आहूजा 1800 वोटों से जीत गई है। असंध नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए बीजेपी प्रत्याशी सुनीता ने 3132 वोटों से जीत दर्ज की है। नगर निगम रोहतक के चुनाव में महापौर पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रामावतार वाल्मीकि ने जीत हासिल की है उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार सूरजमल किलोई को 45198 मतों से हराया है। अम्बाला शहर में महजपुर के चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी सैलजा सचदेव की जीत हुई है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की अमीषा चावला को 20487 वोटों से हारते हुए जीत हासिल की वहीँ बराड़ा नगर पालिका में अध्यक्ष पद पर आजाद उम्मीदवार रजत मलिक विजयी रहे हैं।